an>

Title: Need for repairing of N.H. 33 in Jharkhand.

श्री विद्युत वरन महतो (जमशेदपुर): महोदय, एनएच 33 झारखंड के अलावा पश्चिम बंगाल और ओडिशा को भी जोड़ता है। इस हाईवे की स्थिति इतनी जर्जर है कि लगभग 20 से 22 घंटे तक ट्रेफिक जाम रहता है। पिछले दो साल के आंकड़ें देखें तो 25 से 30 आदमियों की दुर्घटना में जान जा चुकी है। दो साल पहले इस हाईवे को चार लेन का बनाने की स्वीकृति दी गयी थी, जिसमें रांची से लेकर महुलिया तक मधुकन को मिला है और महुलिया से लेकर झारग्राम-खडगपुर तक सिम्पलेक्स को मिला है लेकिन दोनों ही कम्पनियों ने अभी तक काम शुरू नहीं किया है। हम लोग जब रिपेयरिंग की बात करते हैं, तो कहते हैं कि रिपेयरिंग का काम एस्टीमेट में नहीं है। दो साल हो गए हैं और अभी तक फोर लेन नहीं बना है। अगर उसका रिपेयरिंग शुरू नहीं होती है, तो पूरा एनएच 33 गड्ढा में तबदील हो जाएगा और दुर्घटनाएं बढ़ेंगी। इस कारण ट्रेफिक जाम भी बढ़ता जा रहा है। लोकसभा के तीन क्षेत्र इसके अंतर्गत आते हैं। आपसे आग्रह करते हैं कि यथाशीघ्र इसका जीर्णोद्धार किया जाए।